## FIRST SUMMATIVE TEST

### SET-A

विषय-हिंदी    कक्षा-8    अंक:90    समय:3 घंटे

निर्देश: 1) इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं- क और ख।

2) प्रश्न संख्या सावधानी पूर्वक लिखें।

3) इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं

### खण्ड-क

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** 2x4=8

क) यह सबसे कठिन समय नहीं-यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किएगए हैं?स्पष्ट कीजिए।

ख) पत्र धरोहर हो सकते हैं लेकिन एस एम एस क्यों नहीं?तर्क सहित अपना विचार लिखिए।

**प्रश्न2 -किन्हीं (3 )तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो:-** 3x3=9

क) घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

ख) घायल होने के बाद भी बाज ने ऐसा क्यों कहा,"मुझे कोई शिकायत नहीं है"-विचार प्रकट कीजिए।

ग) क्या चिट्ठियों की जगह कभी - फैक्स,ई-मेल,टेलीफोन तथा मोबइल ले सकते हैं?

घ) वसंत को ऋतुराज क्यों कहा गया?

**प्रश्न-3 किन्हीं (4) चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** 4x2 =8

क) बाज जिन्दगी भर आकाश में उड़ता रहा  फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

ख) फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन सा प्रयास करता है ?

ग) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया?

घ) पत्र-लेखन की कला को विकसित करने के लिए क्या-क्या प्रयास हुए?

ङ) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उनका अंत अभी नहीं होगा?



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

**प्रश्न-4** **किन्हीं छह( 6) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:** 1x6=6

(क) पत्र किसे सँजोकर रखते हैं?

(ख) 'ध्वनि' कविता के कवि का क्या नाम है?

(ग) अभी-भी रेलगाड़ी कहाँ तक जाती है?

(घ) किस ऋतु को 'ऋतुराज' कहा जाता है?

(ङ) बाज के लिए किसने गीत गाया?

(च) कौन सदियों से बच्चों को कथा सुना रही है?

(छ) 'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया' –पाठ के लेखक का नाम लिखो?

(ज) बाज की अंतिम इच्छा क्या थी?

**प्रश्न-5** **किन्हीं चार(4) शब्दों के अर्थ लिखिए:** 4x 1 = 4

(क) शिखर (ख) हैसियत, (ग) तह (घ) सरिता (ङ) आलीशान

**प्रश्न-6** **किन्हीं पाँच शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए:** 5 x 1 = 5

(क) प्रशस्ति-पत्र (ख) सरिता (ग) असीम (घ) गुफा (ङ) अहमियत (च) डाकिया

## खंड-ख

**प्रश्न-7** **खेलों का महत्व – इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए** 5

**प्रश्न-8** **किन्हीं तीन(3) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए:** 1X3=3

(क) तुम्हारा पुस्तक गिर गयी।

(ख) वह कपड़ा की दुकान है।

(ग) नमक में दाल कम है ।

(घ) कल रविवार थी।

**प्रश्न-9** **किन्हीं(3) अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए:** 1 x 3 = 3

(क) संग्रहलय, (ख) कोकल, (ग) दसतावेज, (घ) सहरष

**प्रश्न10** **मित्र को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए** 4

**प्रश्न-11** **किन्हीं चार(4) शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:** 1x4=4

क) हिमालय (ख) गरमी (ग) भँवरा ( घ)यश( ङ)सेना

**प्रश्न-12** **किन्हीं चार (4) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** 1x4=4

(क) आधुनिक (ख) उत्तीर्ण, (ग) आज्ञा (घ) पराधीन ङ)मानव



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

प्रश्न-13 किन्हीं तीन(3)वाक्यों में आए क्रिया के भेद लिखो।(कर्म के आधार पर) 1x3=3

(क) अमर सिंह ने नाश्ता कर लिया।

(ख) बालक दूध पीता है।

(ग) जोकर हँसता है।

**(घ)** गीता गीत गा रही है।

प्रश्न-14 किन्हीं तीन (3)वाक्यों में आए सकर्मक क्रिया के भेद लिखो 1x3=3

(क) मनमोहन सिंह ने सुनिता को डोसा खिलाया।

(ख) प्रणाब ने धोती खरीदी।

(ग) शरत ने जयपाल को उपहार दिया।

(घ) रघु ने कुरसी तोड़ी ।

प्रश्न-15 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए: ½ x12=6

(क) अपनी गुफा ---------- बैठा हुआ साँप सब कुछ देखा करता था।(में/पर)

(ख) पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ--------------में आरंभ की गई(1972/1982)

(ग) आलसी को सदा ------------ही मिलता है।(यश' का विलोम लिखो)

(घ) बूढ़ी नानी बच्चों---------कहानी सुनाती है।(के/को)

(ङ) अभी न होगा मेरा अंत,अभी –अभी ही तो आया मेरे जीवन में मृदुल ------(ग्रीष्म/वसंत)

(च) साँप मन ही मन बाज----------मूर्खता पर हँस रहा था।(का/की)

(छ) राम अग्रज था, लक्ष्मण उनका --------था।(अग्रज' का विलोम लिखो)

(ज) यह मार्ग दुर्गम है।(मार्ग' शब्द के पर्यायवाची लिखो।

(झ) ईश्वर की निंदा नहीं करनी चाहिए।(निंदा का विलोम लिखो)

(ञ) अभी –भी दबा है चिड़िया की चोंच में---------(मनका/तिनका)

(ट) मुझे कोई शिकायत नहीं है।(किसने कहा)

(ठ) निर्गुण शब्द का विलोम है-----(-सरगुण ,सगुण)

प्रश्न-16 दिए गए पठित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए: 1x5=5

अपनी गुफा में बैठा हुआ साँप सब कुछ देखा करता-लहरों का गर्जन,आकाश में छिपती हुई पहाड़ियाँ टेढ़ी मेढ़ी बल खाती हुई नदी की गुस्से से भरी आवाज़ें। वह मन ही मन खुश होता था कि इस गर्जन तर्जन के होते हुए भी वह सुखी और सुरक्षित है।कोई उसे दुख नहीं दे सकता।सबसे अलग सबसे दूर,वह अपनी गुफा का स्वामी है।न किसी से लेना,न किसी



https://www.evidyarthi.in

से देना।दुनिया की छीना झपटी से वह दूर है।साँप के लिए यही सबसे बड़ा सुख था।एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज साँप की उस गुफा में आ गिरा।उसकी छाती पर कितने जख्मों के निशान थे,पंख खून से सने थे और वह अधमरा-सा जोर-शोर से हाँफ रहा था।

i)साँप कहाँ रहता था?

क)पहाड़ों में(,ख)गुफा में,(ग)नदी में

ii]साँप गुफा में रहकर कैसे महसूस कर रहा था?

क)सुखी और सुरक्षित (ख)दुखी और सुरक्षित (ग)सुखी और असुरक्षित

iii]एकाएक साँप की गुफा में क्या आकर गिरा?

क)बतख (ख)बंदर (ग)बाज

IV]वह अधमरा –सा जोर- शोर से हाँफ रहा था,इसका अर्थ है------

क)वह मर गया।

ख)वह मरने की तैयारी कर रहा था।

ग)वह अंतिम साँसे गिन रहा था।

V]इस पाठ के लेखक कौन हैं?

क)निर्मल वर्मा (ख) निर्मला वर्मा(ग)निर्मल कुमार वर्मा

प्रश्न-17 <u>दिए गए पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए:</u> 1x5 = 5

लगते कितने प्यारे खेत।
बिछी रेशमी चादरों से
रंग- बिरंगे न्यारे खेत।।

संग हवा के झूला झूले
लहर-लहर लहराते खेत।
सजी-धजी नर्तकियों से
कत्थक नृत्य दिखाते खेत।।

ये है धरती का परिधान
ये हमारे लिए भगवान।
इनसे भरते सबके पेट
इनसे जीते पशु-इनसान।।

I) कवि को क्या प्यारे लगते हैं?

क)सरसों के खेत (ख)गेहूँ के खेत (ग) सरसों,गेहूँ और चने के खेत



https://www.evidyarthi.in

II]रेशमी चादरों से किसकी तुलना की गई है?

क)रंग-बिरंगे खेतों की(ख)सरसों की (ग)फसलों से भरे खेतों की

III]हवा के साथ कौन झूला झूलता है?

क)पेड़ की डालियाँ(ख)हरे-भरे खेत (ग)फल-फूल

IV]खेतों को भगवान क्यों कहा गया है?

क)इनके सहारे गाँववाले जीते हैं(ख)इनका सौंदर्य अनुपम है (ग)इनसे सबका पेट भरता है

V]इस काव्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक हो सकता है---

क)पेड़-पौधे से भरे खेत(ख)फसलों से सजे खेत (ग)खेत

प्रश्न- 18 <u>निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए-</u> 1×5=5

हिन्दी सजीव भाषा है।इसी कारण इसने अरबी ,फारसी आदि के संपर्क में आकर उनके शब्द ग्रहण कर लिए।अब अंग्रेजी के शब्दों को भी ग्रहण कर रही है।इसे भाषा दोष नहीं,गुण समझना चाहिए।अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिन्दी का विकास हो रहा है।जैसे-जैसे इसका प्रचार बढ़ेगा,वैसे-वैसे इसमें नए शब्द आते जाँएगे।हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नहीं कर रही है-कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो नहीं बिगाढ़ रही है।

I]हिन्दी कैसी भाषा है?

क)मातृभाषा(ख)राष्ट्रभाषा(ग)सजीव भाषा

II]इसमें किन-किन भाषाओं के शब्दों का ग्रहण हुआ है?

क)अरबी-फारसी (ख)अंग्रेजी (ग) दोनों के

III]क्या दूसरी भाषा के शब्दों को अपनाना दोष समझना चाहिए?

क)बिलकुल नहीं(ख)पता नहीं(ग)हाँ

IV]हिन्दी में नए शब्दों का आगमन क्यों उचित है?

क)इससे भाषा का विकास होता है(ख)शब्द भंडार में वृद्धि(ग) दोनों

V]गुण, नया---इनके विलोम शब्द हैं-

क)दोष,पुराना(ख)नाश,पुराना(ग) दोष,फिराना

**********************



https://www.evidyarthi.in